महत्वपूर्ण एवं खास

गोदाम से लाखों की खाद चोरी करने वाले कर्मचारी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। पिछले दिनों धरसीवां के खाद गोदाम से लाखों रूपए के खाद गायब होने के मामले में पुलिस ने खाद गोदाम के कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा खाद गोादाम में पिछले दिनों चोरी की घटना हुई थी जिसमें लाखों रूपए के खाद चोरी हो गए थे। मामले की शिकायत पर धरसींवा पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान चोरी के संबंध में गोदाम के कर्मचारीयो से पुछताछ करने से ज्ञात हुआ की मनोज साहू जो कि सिलयारी एव कुथरेल खाद गोदामो का इंचार्ज है उसके द्वारा को कुछ खाद बोरी बाहर भेजा गया है मनोज साहू पिता स्व माखनलाल ताहू उम्र 36 साल पता गांधी नगर भिलाई 3 जिला दुर्ग से पुछताछ करने पर खाद गोदाम के सुपरवाईजर सागर सिह व ट्रक चालक अनिल चेलक के साथ मिलकर खाद गोदाम से खाद चोरी करके ग्राम मनोहरा के दुकान संचालक ललित साहू के पास बेचना स्वीकार किया जिसकी बाद पुलिस ने चोरी के खाद बरामद कर सभी के खिलाफ कार्यवाही की है।

रिस्दी मार्ग पर कार पलटी, चालक घायल

कोरबा (आरएनएस)। सिविल लाईन पुलिस थाना अंतर्गत पिछली रात एक कार अनियंत्रित होने के साथ पलट गई, घटना में चालक घायल हुआ है उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि कार की चपेट में आने से बाइक पर सवार दो युवक बाल.बाल बच गए। स्थिति को भांपकर उन्होंने खुद को बचाया। बताया गया कि कार चालक कोसाबाड़ी से रिस्दी की तरफ जा रहा था, तभी यह घटना हुई। राहगीरों के माध्यम से पुलिस को इसकी जानकारी हुई तब एम्बुलेंस के माध्यम से पीड़ित को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की गई।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर लगा प्रतिबंध

सुकमा (आरएनएस)। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी देवनारायण कश्यप द्वारा छत्तीसगढ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा-10 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल एवं बस्तर विश्वविद्यालय सेमेस्टर की परीक्षाएँ सत्र 2023 के दौरान परीक्षार्थियों की सुविधा तथा परीक्षा शांति पूर्ण सम्पन्न कराने की दृष्टि से प्राधिकृत अधिकारी के अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। विशेष परिस्थितियों में ध्वनि प्रसारण यंत्र के उपयोग की अनुमति अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार एवं संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक दण्डाधिकारी से प्राप्त की जा सकेगी।

फरार 5 वारंटियों को पकड़कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले के थाना नगरनार से पूर्व में न्यायालय में पेश किए गये विभिन्न प्रकरणों में लम्बे समय से उपस्थित नहीं होने के कारण न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया है, जिसे जिले के पुलिस उपमहानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा द्वारा फरार वारंटीयो की पता तलाश कर वारंटीयो को न्यायालय में पेश करने निर्देशित किया गया। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार(भापुसे) के मार्गदर्शन में फरार वारंटियों की तमिली हेतु एक टीम गठित करने निर्देशित किया गया जिसके परिपालन में थाना नगरनार से थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर विभिन्न प्रकरणों में फरार वारंटीयो का पता तलाश किया गया तथा टीम द्वारा 02 महिला सहित कुल 05 फरार स्थाई वारंटीओं को पकडने में सफलता प्राप्त की तथा सभी वारंटियो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

मुख्यमंत्री आज तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ मिलेट कार्निवाल का करेंगे शुभारंभ : मिलेट के नए उत्पादों का होगा प्रदर्शन

- भारत के नामी गिरामी शेफ सिखाएंगे मिलेट के नए-नए व्यंजन बनाना
- राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ बताएंगे मिलेट के फायदे
- सुभाष स्टेडियम में होगा 17 से 19 फरवरी तक कार्निवाल का आयोजन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के नेताजी सुभाष स्टेडियम में 17 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ मिलेट कार्निवाल का शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल स्टार्टअप स्टॉलों एवं लाईव फूड कांउटर का शुभारंभ और अवलोकन के साथ वीडीवीके महिला स्व-सहायता समूहों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम का भी शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा। इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर भी उपस्थित रहेंगे। 19 फरवरी को शाम 4.30 बजे समापन समारोह और पुरस्कार वितरण का आयोजन होगा। मिलेट फूड स्टॉल्स और स्टार्टअप स्टॉल का प्रदर्शन रात्रि 10 बजे तक चलेगा। गौरतलब है कि राजधानी रायपुर में 17 से 19 फरवरी तक मिलेट कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। भारत के नामी गिरामी शेफ मिलेट के नए-नए व्यंजन बनाना सिखाएंगे और इसे मेहमानों को परोसेंगे। कार्निवाल का आयोजन छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ और आईआईएमआर हैदराबाद के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। इस अनूठे कार्निवाल में विशेष रूप से मिलेट फूड कोर्ट होगा, जहां आम नागरिक मिलेट के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। इसके अलावा मिलेट की खेती के पर्यावरणीय लाभों के बारे में युवा पीढ़ी को जागरूक करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों द्वारा नुक्कड़ नाटक और स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा प्रतिदिन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेंगे। कार्निवाल में 18 फरवरी को दोपहर 2 बजे, शाम 5.15 बजे और 19 फरवरी को दोपहर 2 बजे से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मिलेट की खेती और उसके सेवन से होने वाले फायदों के बारे में बताया जाएगा। कार्निवाल में 18 फरवरी को दोपहर 2.15 बजे से 'छत्तीसगढ़ में मिलेट की खेती एवं उर्पाजन- चुनौतियां एवं अवसर' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3.15 बजे से मिलेट के व्यंजनों का जीवंत प्रदर्शन होगा जिसमें देश के नामी शेफ विकास चावला, रेस्टोरेंट सलाहकार एवं शेफ नीरज त्यागी मिलेट के नए-नए व्यंजन बनाना सिखाएंगे। शाम 4.15 बजे से 'मिलेट प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन' पर संगोष्ठी और पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शाम 7 से 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग द्वारा किया जाएगा। इसी तरह 19 फरवरी को दोपहर 2.15 बजे से छत्तीसगढ़ के शेफ द्वारा मिलेट के व्यंजनों का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा। दोपहर 2.45 बजे से छत्तीसगढ़ में उभरते व्यापार को बढ़ावा देने में सरकार एवं उद्योग की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 3.45 बजे से मिलेट के व्यंजनों का जीवंत प्रदर्शन होगा। 18 और 19 फरवरी को मिलेट फूड स्टॉल्स और स्टार्टअप स्टॉल का प्रदर्शन दोपहर 12 बजे से शुरू होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा।

मिलेट कार्निवाल का उद्देश्य मिलेट को लोगों के दैनिक आहार में शामिल करने तथा इसके पोषक मूल्य के प्रति जन जागरूकता लाना है। इस आयोजन में प्रतिभागियों और आगंतुकों के साथ मिलेट की विशेषताओं को साझा करने के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की जाएगी। साथ ही मिलेट में मांग पैदा करने के लिए मिलेट स्टार्ट-अप अपने पैकेज्ड मिलेट उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे।

सामुदायिक भागीदारी से समस्या का होता है स्थाई समाधान -कलेक्टर

- समाज हित के लिए बेहतर कार्य कर रहे है यूनिसेफ के वालेंटियर्स

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में यूनिसेफ द्वारा जन-जागरुकता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा, छत्तीसगढ़ यूनिसेफ चीफ जॉब जकारिया, एसबीसीसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह, चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट चेतना देसाई, वॉश ऑफिसर विराजा सत्यपति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य एनएसएस एवं नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवकों का आगामी कार्ययोजना से संबंधित बैठक एवं मुलाकात करना था।

इस मौके पर कलेक्टर सिन्हा ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की किसी भी समस्या का सामुदायिक भागीदारी से स्थाई समाधान किया जा सकता है। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ के मानपुर मोहला जनजाति क्षेत्र में एनीमिया, कुपोषण के मामले अधिक थे, वहां आज स्थिति बेहतर है। जिसका कारण वहां की सामूहिक भागीदारी है। जिसमें मितानिन, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला स्व-सहायता समूह एवं स्थानीय लोग शामिल थे। कुपोषण हटाने के लिए मात्र चना, गुड़, तिल के लड्डू जैसे स्थानीय खाद्य पदार्थों का प्राथमिकता से सेवन करवाया गया। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को दिन में नियत समय पर भोजन करने के लिए प्रेरित किया गया। मितानिनों द्वारा मलेरिया से बचाव हेतु मच्छरदानी लगाने के लिए एवं आयरन गोली सेवन के लिए सिटी बजा कर याद दिलायी जाती थी। यही सामूहिक सहभागिता से कार्य को सफल बनाती है। आज हमारी युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा संवेदनशील है, हमें उन पर फोकस करने की आवश्यकता है। उनको डायवर्ट कर उनको अच्छे कार्यों में सदुपयोग करें। युवाओं को मोटिवेट करके उनके लिए मास्टर ट्रेनर बनने का कार्य करें। शासन द्वारा राजीव युवा मितान क्लब संचालित किया गया है, जिसमें एक निश्चित राशि दिया जा रहा है। इनके द्वारा संचालित एक्टिविटी में भाग लेकर पर्सनालिटी डेव्लपमेन्ट करें। उन्होंने कहा की एनएसएस द्वारा साक्षरता, लेप्रोसी जैसे विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में सराहनीय कार्य किया गया है। आगे भी एनएसएस एवं नेहरू युवा केन्द्र द्वारा सामाजिक जागरूकता से संबंधित कार्यों में सहयोग लिया जाएगा।

इस दौरान एनएसएस के वालेंटियर्स द्वारा जिसमें कई सारी गतिविधियां एवं बाल विवाह रोकथाम आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। यूनिसेफ जिला समन्वयक दिव्या राजपूत ने बताया कि रायगढ़ के वालेंटियर्स कोविड़ महामारी के समय से ही काफी सक्रिय है एवं समाज में बदलाव लाने में इनकी अहम भूमिका हमेशा से रही है। यूनिसेफ के साथ मिलकर ये लोग विगत कई वर्षों से समाज हित के लिए बहुत ही प्रभावशाली तरीके से कार्य करते आ रहे है एवं आगे भी समाज के विकास के लिए ऐसे कार्य करने के लिए अग्रसर रहेंगे। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित एनएसएस, नेहरू युवा केन्द्र के वालेंटियर्स उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाईक सवार को मारी टक्कर, मौत

दुर्ग (आरएनएस)। जिले के कुम्हारी थाना अंतर्गत नेशनल हाइवे 53 में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने स्कूटर सवार युवक को टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार सुबह 11.40 बजे की है। रायपुर कोटा निवासी उमेश बंजारे (26 साल) अपनी स्कूटर सीजी 04 एचयू 7769 से रायपुर से दुर्ग की तरफ जा रहा था। इसी दौरान चरोदा के आगे कुम्हारी थाना अंतर्गत इंद्रप्रस्थ होटल के पास ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमएस 7963 के चालक ने तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए आया और स्कूटर को टक्कर मार दी और वहां से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कुम्हारी पुलिस ने घराबंदी करके ट्रक और उसके चालक नागेंद्र यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुम्हारी पुलिस के मुताबिक उमेश बंजारे अपने साले के साथ दुर्ग की तरफ जा रहा था। उसका साला दूसरी गाड़ी में था। दुर्घटना के तुरंत बाद साला वहां पहुंचा। उसने पुलिस को फोन किया। पुलिस की टीम और हाइवे पेट्रोलिंग की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए 112 को बुलाया, लेकिन उसने वहीं दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करके शव पीएम के लिए भेज दिया है।

24 दिनों से जारी है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं की हड़ताल, आज महारैली निकालकर कमिश्नर को सौंपेगे ज्ञापन

जगदलपुर (आरएनएस)। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की हड़ताल पिछले अनवरत 24 दिनों से जारी है। संभाग के सातों जिले में अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने हड़ताली कर्मचारियों को समझाने में लगे हैं। शुक्रवार को महारैली निकालकर कमिश्नर को ज्ञापन सौंपेंगे। वहीं 20 फरवरी को राजधानी में महापड़ाव डालेंगे।

जिला अध्यक्ष प्रेमबती नाग ने बताया कि नियमितिकरण सहित 06 सुत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं हड़ताल पर है। हड़ताल के चलते शासन द्वारा संचालित योजनाओं की हालत पतली है। जिले में संचालित 1981 आंगनबाडिय़ों में ताला लटक रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा हम लोगों को बार-बार आश्वासन देकर ठगा जा रहा है। इस बार हम लोग आर-पार की लड़ाई लडऩे तैयार है। रुक्मणी सज्जन ने बताया कि सरकार हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। आंगनबाड़ी कार्यकताओं व सहायिकाओं के हड़ताल को भंग करने के लिए नोटिस जारी की जा रही है। हम लोग शुक्रवार को महारैली निकाल कर नगर के बीच चौराह पर आदेश की प्रति को आग के हवाले करेंगे।

बॉलीवुड को भाया छत्तीसगढ़ : वेब सीरीज की शूटिंग के लिए बना पसंदीदा स्पॉट



रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की खूबसूरती और भूपेश सरकार की नई फिल्म पॉलिसी अब बॉलीवुड को अपनी ओर आकर्षित करने लगी है।

फिल्मों की शूटिंग खासकर वेब सीरीज शूट करने के लिए छत्तीसगढ़ को काफी पसंद किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में हाल ही में तीन वेब सीरीज को शूट किया गया है. इसके अलावा जिहानाबाद की करीब 80 प्रतिशत शूटिंग भी छत्तीसगढ़ में हुई थी. वहीं अक्षय कुमार भी रायगढ़ में शूट कर चुके हैं. अब जल्द ही छत्तीसगढ़ में एक और बड़े बैनर की वेब सीरिज शूट होने जा रही है. ये वेब सीरिज आपातकाल पर बेस्ड होगी. इस वेब सीरिज में आपातकाल के वक्त घटी घटनाओं को छत्तीसगढ़ में शूट किया जाएगा. इस वेब सीरीज का बड़ा पार्ट छत्तीसगढ़ में शूट किया जाएगा. उसे मशहूर फिल्मकार सुधीर मिश्रा शूट करेंगे. डायरेक्टर सुधीर मिश्रा 'हजारों ख्वाहिशें ऐसी', 'इस रात की सुबह नहीं', 'चमेली', 'ये साली जिंदगी', 'इंकार' और हाल ही में आई नई वेब सीरीज 'तनाव' के निर्देशक हैं.। सुधीर मिश्रा अब छत्तीसगढ़ में अपनी नई वेब सीरीज शुरू करने जा रहे हैं. इसके लिए मुंबई से क्रू भी छत्तीसगढ़ पहुंचेगा. इस वेब सीरीज के प्रोड्यूसर कपिल मट्?टू सहित राकेश यादव, मनोज जाधव और सबरीना ने रायगढ़ के जिंदल एयर स्ट्रीप का मुआयना किया है. इसके अलावा उन्होंने सरकारी कॉलोनी और अस्पताल भी देखा. इसके बाद रायपुर और कांकेर के भानुप्रतापपुर में भी शूटिंग स्पॉट देखा है. इन शहरों और कस्बों में 70 के दशक के दिल्ली का दृश्य दिखाया जाएगा.

छत्तीसगढ़ में कई बेहद आकर्षक शूटिंग लोकेशन हैं

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ में कई बेहद आकर्षक शूटिंग लोकेशन हैं. ये डेस्टिनेशन अब तक बॉलीवुड की नजर में नहीं आ पाए थे. लेकिन अब एक के बाद एक हो रही शूटिंग से बॉलीवुड का झुकाव इस तरफ हो रहा है।

शहीद वीर नारायण सिंह कॉलेज ने रैली निकाल कर लोगों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

रायगढ़। शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा के तत्वाधान में बीते दिवस नशा मुक्ति जन-जागरूकता रैली निकाली गई। महाविद्यालय प्रबंधन के साथ छात्र-छात्राओं सहित ग्रामीणों ने भी रैली में अपनी भागीदारी निभायी।

महाविद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत ने कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि नशा उस दीमक की तरह है, जो हमारी संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था को दिन प्रतिदिन खोखला कर रहा है। नशा नाश का दूसरा नाम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं व उपस्थित ग्रामवासियों नशे से दूर रहने की अपील की।

एनएसएस प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुरेन्द्र पाल दर्शन ने बताया कि अगर हमारा शरीर स्वस्थ है तो दिमाग भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि गांव में युवा से लेकर बुजुर्ग नशे के शिकार हैं। नशे के कारण लोगों में कैंसर, गले की बीमारी, दमा, फेफड़ों आदि की बीमारी घर कर रही है। रैली के दौरान विद्यार्थियों के हाथों मे जन जन की यही पुकार-नशा मुक्त हो हर परिवार, साक्षरता हम फैलाएंगे-नशे को जड़ से मिटायेंगे आदि स्लोगन लिखी पट्टिकाओ व नारों के साथ गांव का भ्रमण किया गया। एनएसएस कार्यक्रम के बैनर तले हुए इस नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापक वासुदेव पटेल, योगेन्द्र कुमार राठिया, डॉ.ज्ञानमणी एक्का, अतिथि व्याख्याता राहुल राठौर, रितेश राठौर, राम नारायण जांगड़े, सुश्री प्राची पटेल एवं हेड क्लर्क पीएल अनन्त, प्रायोगशाला तकनीशयन पी.एस.सिदार, एलआर लास्कर व रानू चंद्रा, रोशन राठिया, मोहन सारथी, महेश सिंह सिदार का विशेष योगदान रहा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

जैमुरा में रेडियो किसान दिवस का हुआ आयोजन, किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी

- किसानों के समस्याओं और जिज्ञासाओं का भी किया गया समाधान
- कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने दिया किसानों को तकनीकी जानकारी

रायगढ़। आकाशवाणी रायगढ की ओर से खरसिया विकास खंड के जैमुरा में रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक और महाविद्यालय के प्रोफेसरों के साथ ही पशुपालन, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन समेत अन्य विभागों से पहुंचे जानकारों ने किसानों को तकनीकी जानकारी दी। साथ ही किसानों के कृषि संबंधित जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान भी किया। इसके पहले मां भारती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई और कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना से की गई। किसानवाणी में चवल पटेल ने सरस्वती वंदना का गायन किया। साथ ही समूह में छ.ग के राजकीय गीत का भी गायन किया गया। इसके पहले आकाशवाणी के कार्यक्रम अधिशासी और किसानवाणी प्रभाग के प्रभारी अधिकारी शशि प्रकाश पांडेय ने रेडियो किसान दिवस के उद्देश्य और रेडियो किसानों के लिए किस तरह का कार्यक्रम आयोजित करता है उसकी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में उद्घोषक रमाशंकर शुक्ला, धवल किशोर गुप्ता, दिलीप चौधरी, मुकेष चतुर्वेदी, रामबिलास पटेल, वेणुधर पटेल, सुशील प्रधान, स्वतंत्र महंत और आकाशवाणी इंजीनियरिंग सेक्शन से कुशवाहा समेत दर्जनों की संख्या में किसान और ग्रामीण उपस्थित थे।

हर साल 15 फरवरी को रेडियो किसान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस कार्यक्रम के लिए ऐसे गांवों का चयन किया जाता है जहां वृहद रूप से खेती-किसानी के अलावा आय बढ़ाने की दिशा में काम किया जाता है। आकाशवाणी का किसानवाणी प्रभाग किसानों की आय वृद्धि करने की थीम पर काम करते आ रहा है। इसके लिए रेडियो के माध्यम से नए-नए तरीके बताए जाते है और विशेषज्ञों द्वारा जानकारी भी दी जाती है। साथ ही प्रगतिशील किसानों के अनुभवों को भी रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से साझा किया जाता है। इसी कड़ी में रेडियो किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन खरसिया ब्लॉक के जैमुरा गांव में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने पशुपालन, जैविक खेती, धान-गेहूं, सब्जी की खेती, टसर उत्पादन को लेकर कई तरह के सवाल किए जिसका जवाब विशेषज्ञों द्वारा दिया गया। पशुपालन विभाग के वीएएस डॉ पूरन पटेल ने पशुपालन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि खेती और पशुपालन किस तरह एक दूसरे के पूरक हैं। साथ ही खेती से संबंधित अन्य कई तरह की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक और केवीके प्रमुख डॉ बीएस राजपूत, सेवानिवृत्त एसडीओ डीएस तोमर, डॉ राजकिरण पटेल, डॉ रजनी पटेल, एसएमएस केडी महंत, सहायक प्राध्यापक जीआर राठिया, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन डॉ एके सिंह, डॉ संजीव कुमार समेत किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे।